आज समाज 09/02/2025

पूल कैंपस ड्राइव शिक्षित युवावर्ग के उज्ज्वल भविष्य निर्माण का सुनहरा मौका : डॉ. रोहित दत्त

अंबाला। अंबाला के युवा वर्ग के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी द्वारा आगामी 11 फरवरी को सुबह 9 बजे से कॉलेज के मैनेजमेंट एवं टेक्नोलॉजी ब्लॉक में बहुत ही बड़े स्तर पर पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। डॉ रोहित दत्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ड्राइव का उद्देश्य अंबाला के शिक्षित युवा वर्ग को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करना है। आज के इस प्रतिस्पर्धा भरे युग में युवा को अपने लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए सही मार्गदर्शन नितांत आवश्यक है। इस प्रकार की पूल ड्राइव से छात्रों को सही अवसर मिलते हैं। पूल ड्राइव में शामिल होने से छात्रों को बाहरी दुनिया में होने वाली प्रतिस्पर्धा का पता चलता है। डॉ रोहित दत्त ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस ड्राइव में जानी मानी कंपनियां जैसे कि जस्ट डायल, एच डी बी फाइनेंशियल सर्विसेज, थिंक नेक्स्ट, एस बी आई लाइफ, इंडो वेस्ट, स्टीफेन टेक्नोलॉजी एवं एक्सीलेंस टेक्नोलॉजी आ रही हैं। इस ड्राइव में भाग लेने के लिए 2024-25 और 2023-24 सत्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास सभी विद्यार्थी योग्य हैं। न केवल गांधी नेशनल मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थी बल्कि किसी भी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से पास हुए विद्यार्थी इस पूल ड्राइव में निःशुल्क भाग ले सकते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की सी आर सी यूनिट के सभी सदस्य पूरे उत्साह के साथ कार्यरत हैं।